# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
NSI
Over 50 Years in Service of People

मासिक प्रकाशन | Monthly Publication

फरवरी 2006 (अंक 154) | February 2006 (Issue 154)




विश्व बचत बैंक संस्थान, एशिया पेसिफिक समूह द्वारा बैंकाक (थाइलैंड) में 26-27 जनवरी 2006 के दौरान आयोजित ''व्यवसाय सहयोग'' की बैठक में उपस्थित प्रतिनिधि मंडल।

## भारत ने बैंकाक (थाइलैंड) में ''व्यवसाय सहयोग'' पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बैठक में भाग लिया

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने श्री अनिल भट्टाचार्य, विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान को विश्व बचत बैंक संस्थान द्वारा उसके सदस्य देश ऐशिया पेसिफिक क्षत्रीय समूह हेतु आयोजित ''व्यवसाय सहयोग'' की बैठक में भाग लेने के लिये नामित किया जिसका आयोजन बैंकाक में 26-27 जनवरी 2006 के दौरान किया गया। इसमे श्री सी वर्थिंग, अवर सचिव, वित्त मंत्रालय ने भी भाग लिया। इस बैठक में एशिया पेसिफिक क्षेत्र के विभिन्न देशों जैसे, भारत, मंगोलिया, श्रीलंका, वियतनाम, जापान, मलेशिया, कजाकिस्तान और थाइलैंड ने भाग लिया। बैठक के दौरान विभिन्न मामलों पर, जो भुगतान व्यवस्था एवं विप्रेषण से संबंधित थे पर चर्चा हुई। इस चर्चा का मुख्य बिन्दू यह था कि विभिन्न देशों में अन्य स्त्रोतों से आनेवाले धन को कैसे चेनलाइज किया जाय।

श्री भट्टाचार्य एवं श्री वर्थिंग ने भारतीय दूतावास में भारत के राजदूत महामहिम श्री विवेक काट्जू से भेट किया एवं राष्ट्रीय बचत संस्थान की वित्तीय संसाधनों को एकत्रित करने एवं अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के प्रति किये जा रहे विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। चर्चा के दौरान भारतीय राजदूत अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की और यह भी व्यक्त किया कि भारत एवं थाइलैंड के बीच अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में द्विपक्षीय व्यवस्था स्थापित की जा सकती है।



श्रीमती नूरजहाँ आई.पी.एस., सी.पी.एम.जी. महाराष्ट्र क्षेत्र मुंबई, राज्यस्तरीय डाक समन्वय बैठक के दौरान संबोधित करती हुई दिखाई दे रही है। साथ ही श्री अनिल भट्टाचार्य, विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत संस्थान भी दिखाई दे रहे है।

## मुंबई में जन शिकायत निवारण के लिये, मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल महाराष्ट्र क्षेत्र द्वारा राज्यस्तरीय डाक समन्वय बैठक का आयोजन

श्रीमती नूरजहाँ, आई.पी.एस., मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल महाराष्ट्र क्षेत्र मुंबई ने जन शिकायत के निवारण हेतु बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में महाराष्ट्र के समस्त पी.एम.जी., श्री अनिल भट्टाचार्य, विभागाध्यक्ष राष्ट्रीय बचत संस्थान, श्री नासिर सज्जाद, क्षेत्रीय निदेशक, मुंबई, संयुक्त निदेशक अल्प बचत महाराष्ट्र सरकार, मुंबई, श्री क्यू.डी. शाहा और ए.डी. सावंत उप निदेशक मुंबई ने भी इस बैठक में भाग लिया।

बैठक के दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई जिनमें वितरण माध्यमों को प्रभावशाली बनाया जाना, अभिकर्ताओं एवं वितरण माध्यमों में कार्यरत लोगों द्वारा किये गये धोखाधडी को रोका जाना, राष्ट्रीय बचत संस्थान के उत्पादों का विपणन बैंक एवं डाकघरों के माध्यम से होने पर उनमें धोखाधड़ी को रोकना इत्यादि विषय विशेष रूप से शामिल थे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अभिकर्ताओं के लिये और वितरण माध्यम में कार्यरत डाक कर्मियों के लिये समयबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाय और निवेशकों में जागरूकता पैदा करने हेतु ''क्या करे एवं क्या ना करें'' इस संबंध में अखबारों के माध्यम से प्रचार किया जाय। श्री भट्टाचार्य विभागाध्यक्ष राष्ट्रीय बचत संस्थान ने ग्राहकों की सेवा में संलग्न लोगों के लिए प्रशिक्षण देने की आवश्यकता पर बल दिया क्योंकि संसाधन की गतिमानता के लिए ग्राहक महत्वपूर्ण होता है।



श्री मीर अजमत अली, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान बैंगलोर, बैंक कर्मचारियों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबोधित करते हुये दिखाई दे रहे है। उक्त कार्यक्रम भारतीय स्टेट बैंक कर्मचारी प्रशिक्षण केंद्र तिरुपति में राष्ट्रीय बचत संस्थान बैंगलोर द्वारा आयोजित किया गया।



श्री बी. राजूबाबु क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान चेन्नई केंद्र (बायें से चौथे) जिन्हें वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने नामित किया था, ब्रुसेल्स (बेल्जियम) में डब्ल्यू.एस.बी.आई. द्वारा आयोजित आँठवी डाक बचत बैंक फोरम के सम्मेलन में दिखाई दे रहे हैं।

## भारत ने ब्रुसेल्स (बेल्जियम) में आयोजित आँठवी डाक बचत बैंक फोरम के सम्मेलन में भाग लिया।

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने ब्रुसेल्स बेल्जियम में विश्व बचत बैंक संस्थान द्वारा आयोजित आँठवी डाक बचत बैंक फोरम के सम्मेलन में भाग लेने के लिये श्री बी. राजू बाबू क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान चेन्नई केंद्र को नामित किया। इस सम्मेलन का विषय विप्रेषण कार्ड सेवा और डाक बचत बैंक में संस्थात्मक बदलाव से संदर्भित विषय ''सरस्टेनींग काम्पीटिशन विथ मार्डन पेमेंट सर्विस'' था।

श्री क्रीस डी नूज, अध्यक्ष प्रबंधन समिती विश्व बचत बैंक संस्थान ने अपने स्वागत संबोधन में विषय के महत्त्व पर जोर दिया और कहा कि विक्रय के समय कागजी भुगतान पद्धती में आये बदलाव, जैसे कागजी भुगतान से इलेक्ट्रानिक संसाधनों और ए.टी.एम. भुगतान के अस्तित्व में आने से विकासशील देश के उद्योग मूलभूत परिवर्तन अनुभव कर हे है। आँठवी डाक बचत बैंक फोरम में भाग ले रहे विभिन्न देशों के जैसे ग्रीक, जापान, सेनेगल, दक्षिण अफ्रिका, रूमानिया, स्वीडन, युगांडा, वियतनाम, कोमोरस्, बुरकिना फसु, क्रोशिया, रिपब्लिक ऑफ कोरिया, झेक रिपब्लिक तथा भारत के प्रतिनिधियों ने विभिन्न विषयों पर पेपर्स प्रस्तुती की।



श्री पुनीत अग्रवाल, उप निदेशक बजट वित्त मंत्रालय, नई दिल्ली (बायें से दूसरें) श्री गुरुचरण सिंह क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान चंडीगढ़ (एक दम दायें) विश्व बचत बैंक संस्थान द्वारा बैंकाक में ''एम्पावरींग ग्रास रूट इकानामी माईक्रोफाइनांस फार ग्रोथ एंड हेप्पीनेस'' विषय पर आयोजित अन्तराष्ट्रीय सम्मेलन में अन्य सदस्यों के साथ दिखाई दे रहे है।

# अप्रैल 2005 से नवम्बर 2005 तक अल्प बचत संग्रहण

(करोड रुपये)

| अनु. क्र. | क्षेत्र / राज्य | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
|---|---|---|---|---|---|
| | | नवम्बर 2004 तक | | नवम्बर 2005 तक | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 6069.22 | 3264.34 | 6919.93 | 2894.90 |
| 2. | अरूणाचल प्रदेश | 42.49 | 21.62 | 49.30 | 23.49 |
| 3. | असम | 1499.35 | 536.11 | 1359.34 | 140.88 |
| 4. | अंदमान निकोबार द्वीप | 16.17 | 6.59 | 21.47 | 10.34 |
| 5. | आर्मी पोस्ट ऑफीसेस | 358.35 | 240.06 | 202.15 | 44.50 |
| 6. | बिहार | 3225.20 | 1431.58 | 4058.96 | 1539.18 |
| 7. | झारखंड | 1600.36 | 966.94 | 1915.21 | 939.73 |
| 8. | चंडीगढ | 296.48 | 108.35 | 419.44 | 73.67 |
| 9. | दमण एवं दीव | 20.54 | 13.47 | 25.85 | 10.50 |
| 10. | दिल्ली | 5846.88 | 3543.01 | 4960.70 | 2305.46 |
| 11. | गोवा | 389.53 | 261.26 | 477.44 | 312.94 |
| 12. | गुजरात | 9889.79 | 5531.49 | 10874.68 | 4477.59 |
| 13. | हरियाणा | 3003.19 | 1288.42 | 3353.23 | 968.05 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 1245.02 | 534.30 | 1609.81 | 509.53 |
| 15. | जम्मू व कश्मीर | 799.88 | 343.05 | 1063.60 | 368.18 |
| 16. | कर्नाटक | 4934.67 | 2612.81 | 5345.45 | 2236.89 |
| 17. | केरल | 3801.34 | 1960.25 | 3973.76 | 1639.51 |
| 18. | लक्षद्वीप | 0.90 | 0.51 | 0.93 | 0.41 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 2909.00 | 1482.28 | 3557.10 | 1395.49 |
| 20. | छत्तीसगढ | 1017.77 | 569.33 | 1082.25 | 496.90 |
| 21. | महाराष्ट्र | 13497.30 | 8171.23 | 13163.06 | 5976.16 |
| 22. | मणिपुर | 47.96 | 13.55 | 54.61 | 11.69 |
| 23. | मेघालय | 94.43 | 31.09 | 111.59 | 29.39 |
| 24. | मिझोरम | 52.98 | 19.86 | 66.47 | 14.65 |
| 25. | नागालैंड | 26.82 | 13.97 | 34.31 | 14.32 |
| 26. | उडीसा | 1661.03 | 837.26 | 1974.07 | 815.47 |
| 27. | पांडीचेरी | 109.85 | 69.53 | 114.47 | 60.74 |
| 28. | पंजाब | 5281.85 | 2114.16 | 6015.06 | 1697.21 |
| 29. | राजस्थान | 5417.81 | 2947.26 | 5198.97 | 1645.34 |
| 30. | सिक्कीम | 37.31 | 12.82 | 48.48 | 12.26 |
| 31. | तमिलनाडू | 6658.22 | 3653.74 | 7610.60 | 3379.04 |
| 32. | त्रिपूरा | 238.65 | 109.12 | 310.85 | 126.34 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 9248.47 | 4113.21 | 11284.38 | 3990.72 |
| 34. | उत्तरांचल | 1266.38 | 601.69 | 1511.13 | 556.91 |
| 35. | पश्चिम बंगाल | 11636.64 | 6281.54 | 14256.72 | 6489.16 |
| | कुल | **102241.86** | **53705.81** | **113025.38** | **45207.53** |

टिप्पणी डाक विभाग नई दिल्ली से प्राप्त आंकडे सामन्जस्य अधीन है। इन आंकडों में पी.पी.एफ. (बैंक) संग्रहण शामिल नहीं हैं।

SHIVRAJ (D.G.P.S.) NAGPUR